The mining sector is one of the important sectors which is giving employment for millions and millions of people. But at the same time, the labour laws, which have to be implemented at the grass-root level, are not being implemented. I will not take much time of the House. Here, in page no. 5, it is regarding sub-section because all these points of contention are regarding sub-section. In the memorandum regarding delegated legislation, the sub-section 12(a) empowers the Central Government to prescribe the terms and conditions and the payment of such amount or transfer charges subject to which the mining lease may be transferred. This is a point to ponder over. This has been raised by many of our hon. Members on the Floor of the House. I do not want to see a dispute between the State Governments and the Central Government. As our hon. Minister agrees, there should be a dispute. If you are saying about inclusive growth and cooperative federalism then the State Government is also one of the stakeholders. We should have that type of consultation at a regular interval only with consent. I am not saying about the consultation. Only with the consent of the concerned State Governments such type of amendments should be made.

I agree with you that we have the power because as per the Constitutional provision we have the power. That is why, the Government of India sometimes gets engaged into bilateral or trilateral treaties with other countries also. We also have signed international treaties and conventions. But at the same time, as Members of Parliament, we also do not know as to what the clauses or provisions are in the agreement. We are then forced to know all these things which are discussed in some other Houses of some other countries. This has happened during the regime of UPA-I when the nuclear deal was signed between India and US. This has happened in ASEAN treaty also. You know much better than I do, Sir, because the plight of rubber cultivators in Western Ghats areas of Tamil Nadu, in Western Ghat areas of Kerala and North-Eastern States like Assam, Mizoram, Meghalaya, etc., is well-known. Even then the Government is not at all able to address this problem. The plight of the coconut cultivators and the farmers has happened just because the Government of India is executing such treaties without any consultation, without any deliberation and without the assent of Parliament of India. It is because the Government of India is having that executive power. The Government is enjoying that power which even the President of the United States does not enjoy. The President of United States and the President of France – they are from the Federal Republic – have the executive powers also. Here, we are having a Parliamentary System and we are following the Westminster style and the Parliament is being bypassed.

Sir, my humble request is that a Bill, whether it is a parent Bill or a new Bill or any Amendment Bill, should be thoroughly looked into, statements of witnesses should be taken, and consultation with various stakeholders should be done by the concerned Departmentally-Related Standing Committees. Here, the role of the Departmentally-Related Standing Committees is being minimized and reduced.

Sir, anyway this House will stand adjourned during the dark hours of today, and we will be catching our flights or trains tomorrow at the earliest to return to our places.

What I want to say is that the recommendations of the Departmentally-Related Standing Committees are not being accepted by the Government. And whether it is their Government or this Government – I am sorry, nobody is here except only we two people are here – I am not concerned about the Party in power. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

DR. A. SAMPATH: I will take one more minute.

Sir, we have to protect the prerogative and the power of the Departmentally-Related Standing Committees. Only in the Departmentally-Related Standing Committees, we can have a thorough discussion with the concerned officials, with the trade union leaders, with the tribal leaders and also with various stakeholders. So, their recommendations, suggestions, complaints and apprehensions have to come before us. Sir, this Amendment Bill has only six pages. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

DR. A. SAMPATH: Yes, Sir. This Bill has only a very few lines.

I understand that my speech has taken more time. All these things have come here just like straight from oven. Sir, it is not a good practice that the Bills are passed at the odd hours of the day, at the late hours of the day when most of the Parliamentarians have left Delhi and also without going through the concerned Standing Committee. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Now, the hon. Member, Shri A.P. Jithender Reddy.

DR. A. SAMPATH: Sir, I am going to conclude. I will take only one more minute.

Sir, I am coming to PPPs and privatization. Here, it talks about captive mining. A corporate house or a company has got a lease. Then, another subsidiary company amalgamate with it. We do not know who takes what. ...(*Interruptions*) Sir, this is not the proper way. My request is that even though this Bill seems to be a small Bill, this Bill has to be sent to the concerned Standing Committee and their recommendations should come before the House. I say that I have certain reservations. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Now, Shri A.P. Jithender Reddy.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Only the speech of Shri A.P. Jithender Reddy will go on record.

...(*Interruptions*)â€¦ *

SHRI A.P. JITHENDER REDDY (MAHABUBNAGAR): Hon. Chairperson, Sir, the Mines and Minerals (Development and Regulations) Amendment Bill, 2016 intends to amend the Mines and Minerals Act to include the provision of allowing transfer of captive mines granted through procedures other than auction. I understand that the main idea of the Government in bringing this Bill is to transfer the captive mining leases granted otherwise through auction and would facilitate banks and financial institutions to liquidate stressed assets where a company or its captive mines, mining lease is mortgaged.

Sir, we are in a federal system. I do understand that the Mines and Minerals Act is with the Central Government. However, I feel that before any action is taken, the State Governments should be consulted and their permission should also be taken because lands that are there also belong to the State Governments.

I support this Bill. My only point is that the Government of India should consult the State Governments and get their permission.

Thank you.

SHRI VARAPRASAD RAO VELAGAPALLI (TIRUPATI): Hon. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity.

There are quite a few plus points in this Bill. No doubt it eliminates the discretion, improves the transparency, simplifies the procedure, and attracts private investment and latest technology. Special court is also a good invention. There are penalties. There are some issues, which I would like to bring before the notice of the hon. Minister.

In mining, we have been facing major problems because the concerns of the affected people and the environmental issues, have not being adequately considered while drafting this Bill. Usually, we have very weak institutions, inadequate monitoring and feeble enforcement. As a result, we have lots of illegal mining, destruction of environment and ill treatment to mining affected communities.

Sir, now, more penalties have been proposed. But there is every possibility that whenever there is more proposed penalties in India, it leads to rent-seeking behaving of the bribes. Therefore, this point needs to be addressed.

Then, it has been suggested that all mining leases shall be granted for 50 years. More or less, leases are compulsorily being given for 50 years. Why are they being given for 50 years? Even the leases on existing mines are being extended for 50 years. Is there any need to give these mines on lease for 50 years?

Similarly, auctioning has not been adequately done in all cases. Auctioning will be successful only if adequate quantity and quality of the mines and minerals available is assessed. Then only, the auctioning will have any meaning. Otherwise, I do not think, the auctioning would have any relevance.

Sir, for 50 years, the land would get stuck with the lease holders. Therefore, the moment the mining is over, immediately the land may be handed over to the land owners. Otherwise, for two generations, the land owners would be missing the opportunity of possessing their land.

Sir, rehabilitation and resettlement is almost worst in India, particularly in the mining sector. That is the reason why most of the States like Odisha and Bihar, which are rich in mining, are also suffering. It is for the simple reason that the richness of the mining is not adequately compensated to the people there. So, this aspect also needs to be considered.

Similarly, about the royalty, only one-third is being collected. There is no reason why only one-third of the royalty is being collected. This point may also be looked into.

HON. CHAIRPERSON: Shri Varaprasad Rao, just a moment.

Hon. Members, the time allotted for this discussion is over. But there are yet five Members to speak. So, if the House agrees, we may extend the time of the House by another one hour.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.

HON. CHAIRPERSON: All right. So, the time of the House is extended by another hour.

Yes, Mr. Varaprasad Rao, please continue

SHRI VARAPRASAD RAO VELAGAPALLI: Sir, presently, the coal and lignite lease holders will be depositing 25 per cent of their profit after tax. That is missing here. It is a gross injustice to the concerned State. Whatever they are supposed to deposit, they should also deposit it with the State Government.

Sir, now, the Centre has taken over the sanctioning of extra land, which is more than 10 square kilometres, as a result, more land is being given; and so, more displacement of the people would take place. But what is the need of giving extra 10 square kilometres? Giving larger areas means larger displacement. When the existing Land Acquisition Bill comes, this will knock off the consent of the land owners. Therefore, coupled with this and the proposed Land Acquisition Bill, where the land owners' consent is not required, it will certainly affect both the land owners as well the nearby communities. Therefore, this aspect also needs to be properly considered.

Sir, I do not think that it is a win-win situation anybody. That means, even the lease holders, as it is being for 50 years, cannot properly invest. If they cannot invest, they cannot bring in the new technology. Similarly, for the people also, it is not a win-win situation for the simple reason that for

50 years, people who would be displaced, cannot be rehabilitated. So, it is not a win-win situation for anyone. I would, therefore, request that this point needs to be considered.

While auctioning, if the quality and quantity, as I was suggesting, is not assessed and under-valued, the State Governments will be at a loss because the revenues will come down. If it is over-valued, the lease-holders will be badly affected. So, this also needs to be considered.

The interest of the lease-holders is not at all considered. When you want to bring in more investment, when you want to bring in more technology, a minimum guarantee of returns for the investors needs to be considered. Therefore, the balancing has to be done.

I thank the Chairman for giving me this opportunity.

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, मैं खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2016 के समर्थन में अपनी बात रख रहा हूं।

महोदय, यह जो विधेयक पुरःस्थापित है, इसमें अधिनियम 1957 में संशोधन कर ऐसे केप्टिव खनन पट्टों जिन्हें नीलामी के माध्यम से नहीं दिया गया है, उनके हस्तांतरण की अनुमति का प्रावधान करने के लिए है। दरअसल वर्ष 2015 में जब संशोधन अधिनियम बना था, उस समय पूरे देश की सभी खदानों को चाहे वह लौह अयस्क हो, चाहे लाइम स्टोन हो, चाहे अन्य मिनिरल्स की खदानें हों, सभी को नीलामी के माध्यम से देने का प्रावधान किया गया था। हमारी सरकार जब आयी तो सबसे पहले व्यवस्था यही बनायी गयी कि पहली की सरकारों के समय जो कोल ब्लॉकों का आवंटन हुआ तथा खदानों के आवंटन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई थी, घोटाले हुए थे और सरकार के राजस्व की हानि हुई थी, उसको पारदर्शी बनाने के लिए यह व्यवस्था की गयी थी। इससे बड़ी संख्या में सरकार को सफलता भी प्राप्त हुई है। इस विधेयक की धारा 12(ए) में संशोधन होगा, जिससे एमएमडीआर संशोधन अधिनियम जो 12.01.2015 को लागू होने के बाद खान मंत्रालय को ऐसा महसूस हुआ कि हमें इसमें कुछ संशोधन लाना होगा। मैं खुद जहां से आता हूं वह क्षेत्र खनिज पदार्थों से भरा हुआ क्षेत्र है। कई बड़े-बड़े सीमेंट के कारखाने हैं। वित्तीय व्यवस्था के कारण कुछ सीमेंट प्लांट नहीं चल पा रहे हैं, उन्हें बेचने पर खदानें हस्तांतरण नहीं हो पायीं, उनसे उत्पादन में कमी हुई, बैंकों का पैसा कम्पनी वाले नहीं चुका पाए और ऐसी स्थिति में लग रहा था कि जो रोजगार मिल रहा था, वह भी पूरी तरह से बंद होने की कगार पर आ रहा था। सरकार के सामने भी ऐसे प्रस्ताव आए, जिनमें उद्योग जगत से जुड़े हुए फिक्की, एसोचैम और सीमेंट असोसिएशन ने आवेदन किया कि इस कानून में थोड़ा सा संशोधन कर दिया जाए नहीं तो मेक इन इंडिया का हमारा कंसेप्ट कहीं न कहीं अधूरा रह जाएगा। इसमें लाखों-करोड़ों लोगों के हाथ से रोजगार छिन जाएगा और जो पूंजी, चाहे वह निजी क्षेत्र की हो या सरकारी क्षेत्र की पूंजी लगी हो, उसका पूरी तरह से परिचालन रुक जाएगा। इसलिए सरकार ने इसमें संशोधन करने का निर्णय लिया। भारतीय स्टेट बैंक ने भी मंत्रालय को सूचना दी कि हमारे बैंक के माध्यम से और अन्य बैंकों के माध्यम से बहुत सारी कम्पनियों ने फाइनैंस किया है, निजी फाइनैंस किया गया है, लेकिन उनका पैसा वापस नहीं आ रहा है। उनके सामने कठिनाई यही है कि अगर कोई कम्पनी सिक हो गयी है और वह किसी दूसरे को बेचना चाहते हैं तो जो उसके साथ लीज़ लगी हुई है, जो केप्टिव माइंस लगी हुई है उसका हस्तांतरण नहीं कर सकते हैं। तो कोई भी आदमी कम्पनी खरीदकर क्या करेगा? इस वजह से यह हस्तांतरण का कानून निश्चित तौर से बनाया जाना उचित था। मैं मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि उन्होंने समय रहते इस पर विचार किया और इस संशोधन विधेयक को सदन में लेकर आए। इस विधेयक के बाद हस्तांतरण की अनुमति तथा कारोबार करने में आसानी होगी। धारा-3 में संशोधन वर्तमान में पट्टाधीन क्षेत्र की परिभाषा अधिनियम में नहीं है और इस प्रावधान के बाद इसमें यह व्यवस्था हो जायेगी।

महोदय, 2015 में एमएमडीआर संशोधन आने के बाद पूर्णतः हस्तातंरण पर प्रतिबंध लग गया था। इसीलिए कहीं न कहीं राजस्व में भी कमी आई थी। लेकिन इसके पहले 2015 के अंतर्गत जो संशोधन हुआ था और उसमें नीलामी के प्रावधान किये गये थे। प्रथम चरण में करीब 43 मूल्य खनिज ब्लाक जो आठ राज्यों में हैं, उन्हें अधिसूचित किया गया था। उनमें से छः ऐसी माइंस हैं, जिनकी नीलामी हो चुकी है। उसमें झारखंड में दो लाइम स्टोन की खदान हैं, छत्तीसगढ़ में दो लाइम स्टोन की खदान हैं और एक गोल्ड की खदान है तथा उड़ीसा में लौह अयस्क के एक ब्लाक की नीलामी सम्पन्न हुई है। इससे 18108 करोड़ रुपये की राशि आई है। इसमें करीबन 13 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि नीलामी के प्रावधान आने से मिली है। राज्यों को 5,114 करोड़ रुपये की जो रायल्टी मिलने वाली है, उसमें भी लगभग 1313 करोड़ रुपये की अतिरिक्त रायल्टी प्राप्त हुई है। इससे साफ जाहिर है कि जो 2015 में कानून बना था, उस कानून का व्यापक असर हुआ है। उससे पारदर्शिता आई है, जो भ्रष्टाचार हो रहा था, उस पर रोक लगी है और उसका सही उपयोग शुरू हो गया है।

सभापति जी, मैं कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार एक ईमानदार, निष्पक्ष, पारदर्शी व्यवस्था देने का काम कर रही है। मैंने पहली बार इस सदन में देखा कि 1800 कानून जो अनुपयोगी थे, उन्हें डिलीट किया गया और जो जरूरी कानून हैं, जो वर्षों से लम्बित पड़े थे, जितनी वर्षों से जरूरत थी, उन्हें यहां से पारित कराकर देश की व्यवस्था को मजबूती देने का काम इस सदन से हो चुका है। मैं मंत्री जी से कहूंगा कि जिस तरह से मंत्रालय संभालने के बाद वह इसे पारदर्शी बनाने की व्यवस्था में लगे हैं, निश्चित तौर पर वह सफल होंगे।

महोदय, मैं मध्य प्रदेश से आता हूं और मध्य प्रदेश में बहुत मिनरल्स हैं। लेकिन मैं एक निवेदन जरूर करूंगा कि जिन कंपनियों को लीज हैं, वे कंपनी अगर दूसरी कंपनी को हस्तांतरण करना चाहती है तो कोई दिक्कत नहीं हैं। लेकिन ऐसी बहुत सी खदानें हैं, जो 50-50 और 90-90 साल की लीज में ऐसे लोगों के पास हैं, जिन्होंने कोई कारखाना नहीं लगाया, लेकिन उनकी पहले की खदान है क्या उन्हें भी इस संशोधन का लाभ मिलेगा यदि हां तो मुझे लगता है कि कुछ अतिरिक्त रायल्टी उन्हें देनी चाहिए, ताकि सरकार के राजस्व में कोई कमी न आने पाये, मैं समझता हूं कि इस बात का भी इसमें प्रावधान होना चाहिए और जो छोटी-छोटी खदानें हैं, जो राज्यों के हिस्से में हैं, जो गौण खनिज हैं, जिससे नये इम्पलायमैन्ट जेनरेट होते हैं, बड़े-बड़े लोगों को निश्चित तौर पर कहीं न कहीं बैंकों के माध्यम से वित्तीय मदद मिल जाती है। लेकिन जो छोटे उद्यमी लोग हैं, खास तौर पर जो पढ़े-लिखे नौजवान हैं और कौशल विकास के माध्यम से चाहते हैं कि हम ऐसे मिनरल के माध्यम से कोई लघु उद्योग लगाने का काम करें तो ऐसे लोगों को भी कहीं न कहीं सहूलियत मिले।

इसी के साथ-साथ खदानों में जो सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है, वह पर्यावरण की अनुमति की है। मैं देख रहा हूं कि वहां से जंगल बहुत दूर हैं, पेड़ कहीं नहीं हैं, इसके बाद भी उन्हें अनुमति नहीं मिल पा रही है। एनजीटी एक नई समस्या है। एनजीटी जहां देखिये, कोई न कोई आपत्ति लगा देते हैं। मुझे लगता है कि कुछ ऐसे प्रावधान होने चाहिए जिससे लोगों को बार-बार आफिसों के चक्कर न लगाने पड़ें।

मिनरल्स का जो व्यापार है, वह और तेजी से बढ़े। हमारे देश में अद्भुत खनिज पदार्थ हैं, लेकिन उनका हम सही दोहन नहीं कर पा रहे हैं। आज यही कारण है कि कहीं न कहीं हमारी वित्तीय स्थिति में कमी आई है। अगर हम मिनरल्स का पूरी तरह दोहन कर सकें और उसको हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोज़गार के दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर उनको देने का काम करें तो निश्चित तौर पर हमारी आय बढ़ेगी, नए रोज़गार पैदा होंगे और मेक इन इंडिया का सरकार का सपना पूरा होगा। मैं इस विधेयक का पूरी तरह से समर्थन करता हूँ।

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : सभापति महोदय, मैं इस बिल के समर्थन में खड़ा हुआ हूँ। मैं माननीय मंत्री महोदय का आभार भी व्यक्त करना चाहूंगा कि इस बिल के माध्यम से खनिज क्षेत्र में अब से पहले जो कमियां महसूस की जा रही थीं, उनको दूर करने का प्रयास माननीय मंत्री जी ने किया है। खान और खनिज (विकास और विनियम) अधिनियम, 1957 में समय-समय पर कई बार इस अधिनियम में संशोधन किए गए हैं। लेकिन पिछले वर्ष इसी सरकार के माध्यम से संशोधन प्रस्तुत किया गया था, उसी के आधार पर यह संशोधन आज प्रस्तावित है। पिछले संशोधन में उन प्रमुख बातों को अगर हम मद्देनज़र रखें तो ध्यान में आएगा कि विवेकाधिकार का उन्मूलन करना उसका एक उद्देश्य था, खनिज संसाधनों के आवंटन में पारदर्शिता बढ़ाना उनका एक और उद्देश्य था। प्रक्रियाओं का सरलीकरण करना एक उद्देश्य था, प्रशासन में विलंब का उन्मूलन, जिससे देश में खनिज संसाधनों को शीघ्र और अधिकतम विकास का समर्थन बनाना एक उद्देश्य था। देश में सरकार के लिए संसाधनों के मूल्य का बढ़ा हुआ भाग प्राप्त करना एक उद्देश्य था और निजी विनिधान एवं नवीनतम प्रौद्योगिकी को आकर्षित करना एक उद्देश्य था। इन उद्देश्यों में वर्तमान का जो संशोधन प्रस्तावित है, वह दो बिंदुओं को छूता प्रतीत होता है। प्रक्रियाओं के सरलीकरण का इसका एक मुख्य उद्देश्य है कि जो खानें ऑक्शन के माध्यम से आवंटित नहीं की गई थीं, पूर्व के प्रावधान में इनको हस्तानांतरित करने का अधिकार नहीं था। लेकिन आज इस संशोधन के माध्यम से सरकार ने यह प्रावधान रखा है कि कैप्टिव माइनिंग और ऑक्शन के माध्यम के अलावा जो

माइंस अलॉट हुई हैं, उनको भी अब इस संशोधन के माध्यम से हस्तांतरित करने का अधिकार मिल जाएगा। यह अधिकार मिलना इसलिए आवश्यक है कि कैप्टिव माइनिंग अपने आप में यह प्रदर्शित करता है कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री महोदय का जो "मेक इन इंडिया " का सपना है, उसको अगर हम साकार करने में शीघ्रता प्राप्त करना चाहते हैं, तो हमें इस तरह के माइनिंग एक्ट्स को, जो हमारी यहां की इंडस्ट्रीज़ का रॉ मटीरियल है, उनके ट्रांस्फर में हिंड्रेंसिस हैं, उनको दूर करना पड़ेगा।

मैं आदरणीय मंत्री महोदय का आभार व्यक्त करूंगा कि माननीय प्रधान मंत्री जी के इस सपने को साकार करने में इस नियम में परिवर्तन कर के उन्होंने एक बहुत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अभी मेरे माननीय सदस्य यहां बता रहे थे कि लोहे कि जो प्रोसेसिंग है, उसके लिए रॉ मटिरियल हमारे यहां से जा कर चाइना में जाता है और प्रोसेस्ड हो कर वापस हमारे यहां आ कर बिकता है। वह "मेक इन इंडिया " के कॉन्सेप्ट को अवरूद्ध करता है। इस प्रावधान के माध्यम से जो कैप्टिव माइनिंग और उसके ऊपर आधारित इंडस्ट्रीज़ हैं, जब उनको रॉ मटीरियल की बाध्यता हो जाएगी और रॉ मटीरियल के माध्यम से वे अपने प्रोडक्ट को यहां बना पाएंगे, तो ऐसी परिस्थिति में जो "मेक इन इंडिया " का कॉन्सेप्ट है, उसको हम सफलता से आगे बढ़ा पाएंगे। इसके साथ ही साथ निजी क्षेत्र का, जो एफडीआई का और अन्य पूँजी का हम आकर्षण पैदा करना चाह रहे हैं, उसको भी इसमें सहूलियत मिलेगी और निजी विनिधान और नवीनतम प्रौद्योगिकी को आकृष्ट करने का एक यह बहुत बड़ा आधार बनेगा, इसलिए मैं मंत्री महोदय का आभार व्यक्त करना चाहता हूँ।

महोदय, यह जो प्रावधान रखा है, इसमें सरकार का दूसरा कान्सेप्ट यह है कि हम अपने कामों का सरलीकरण करें, उसकी ओर भी यह एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। सरकार द्वारा कठिनाई को दूर करने के लिए नई कार्रवाई के रूप में इसको देखा जाना चाहिए। कैप्टिव खानें यूज़र्स परियोजनाओं से सम्बद्ध हैं, जिनके लिए अधिक निवेश की आवश्यकता है और परियोजनाएं रोजगार के अवसर प्रदान करती हैं। हम मूकदर्शक नहीं रह सकते और प्रक्रियात्मक स्पष्टता के अभाव में उद्योग को पीड़ित भी नहीं रहने दे सकते। इसलिए इन कदमों के आधार पर हमने यूज़र्स परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने का एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस निर्णय पर पहुँचने से पूर्व, जैसा कि मेरे पूर्व वक्ताओं ने बताया है, बहुत सारी फाइनेन्शियल इंस्टीट्यूशंस और बहुत सारे औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का यह प्रस्ताव था कि यह जो हिन्ड्रेंस है, इसे दूर किया जाना चाहिए। सरकार ने सारी परिस्थितियों का अध्ययन कर किस तरह हम इस सुविधा को सरलता से उपलब्ध करा सकें, इस बात को मद्देनजर रखकर यह प्रावधान रखा है। इसलिए मेरा मानना है कि यह भी हमारे फाइनेन्शियल इंस्टीट्यूशंस के हितों की रक्षा करेगा और साथ ही साथ जो निवेश करने वाले लोग हैं, उनको भी आकर्षित करेगा। यहाँ मुझसे पूर्व वक्ताओं ने कुछ इस तरह के विषय उठाए, जिसमें कहा कि सरकार ने कॉरपोरेट हाउसेज और बैंक्स की फैसेलिटीज को देखते हुए इस नियम का प्रावधान रखा है। इसमें कहीं पर भी मजदूरी करने वाले और गरीब तबके के लोगों का ध्यान नहीं रखा गया है। मैं आपके माध्यम से उन सांसदों तक यह बात पहुँचाना चाहूँगा कि यह जो अधिनियम में संशोधन है, इस संशोधन से कहीं पर भी उस गरीब तबके को या मजदूर वर्ग को हानि का कोई अवसर प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कोई उनको ऐसी नुकसान वाली स्थिति नहीं है कि हमारे वर्तमान के जो नियम हैं, उनको फैसिलिटेट करने के लिए इस तरह का प्रावधान रखा है। कहीं पर भी उनके हितों के ऊपर कुठाराघात नहीं है। इसलिए उसको उस दृष्टि से देखना मात्र यहाँ किसी न किसी कारण से प्रस्तावित प्रावधान का विरोध करने से ज्यादा मुझे उसमें और कुछ नजर नहीं आ रहा है। यह वाणिज्यिक निर्णय कम्पनी की परिस्थितियों के समग्र मतों पर आधारित होता है और बैंक जो कि हमारे कस्टोडियन्स हैं, हमारी पब्लिक मनी के, उन कस्टोडियन्स के हितों की भी हम इसके माध्यम से रक्षा कर रहे हैं। बैंक्स के अलावा जब कोई सिक यूनिट हो जाती है और दूसरे कोई उद्योगपति उन यूनिट्स को टेकओवर करना चाहते हैं, अगर ये ट्रांसफर नहीं हो सकतीं तो वे लोग इसको अपने स्तर पर ट्रांसफर करने में हिचकिचाएंगे और वह सिक यूनिट सिक यूनिट ही रह जाएगी। इसलिए इस संशोधन के माध्यम से हमने सिक यूनिट्स को प्रोत्साहित करके नए उद्यमियों तक उसके लाभ को पहुँचाने और नए उद्यमियों के विचार के अनुरूप, उनके सोर्सेज के अनुरूप इन चीजों में प्रोत्साहित करकर इन इंडस्ट्रीज को पुनःजागृत करने का इसमें यह एक प्रावधान है। निश्चित रूप से ये सारे विषय आने वाले समय में भारत, जो खनिज दृष्टि से एक बहुत समृद्धशाली राष्ट्र है, इसके भविष्य को आर्थिक दृष्टि से दुनिया के सामने हम मजबूती से खड़ा कर सकें और आगे बढ़ सकें। इसी के साथ मैं इस बिल के लिए अपना समर्थन प्रस्तुत करता हूँ। धन्यवाद।

SHRI P.P. CHAUDHARY (PALI): Mr. Chairman, Sir, I thank you for affording me an opportunity to participate in the reform process in the mining sector through the Mines and Minerals (Development and Regulation) Amendment Bill, 2016.

Sir, the Mining sector, for the first time, has seen the light of reforms under the able guidance of our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi *ji*. I am saying this because earlier the grant of mining lease was based completely on discretion. Earlier, Section 11 was there where it was on first-come-first-served basis and this is the reason that large number of litigations were pending before the Supreme Court and the Supreme Court quashed such type of mining leases granted on the basis of first-come-first-served.

After the decision of the Supreme Court, necessary amendments were carried out in the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act and the Bill was introduced in 2015. The necessary provision was made by replacing Section 11 with a new Section 11, which was introduced, whereby the mineral concession was required to be granted only through auction. Therefore, since 1957 till 2015, the mineral concession and mining leases were granted only on the basis of discretion, which was discontinued for the first time in 2015.

19.26 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

This discretion, which was there earlier, was taken away and more transparency was created for grant of mining lease and the procedure was also simplified so that there was no delay in allotment of mining lease. It also enhanced the revenue of the State exchequer.

Now, in the present Bill, Section 12A is regarding transfer of mineral concession. Earlier, the transfer of mineral concession was available only through auction, but the captive mining leases were not taken into consideration, which was in the interest of development of the mining sector. Therefore, the present Bill is only with respect to including those mining leases where the captive mining are used for captive purposes.

I would also like to ask a clarificatory question to the hon. Minister. This Bill covers only those mining leases, which are for captive purposes, but the prospecting licensing-cum-mining leases are not made part of this Bill. It may be clarified whether this issue is also required to be taken into consideration or not. Thank you very much for affording me an opportunity to participate in this discussion.

CLAUSE 7

2. That at page 4, ***for*** lines 17 to 19, the following be ***substituted***, namely:-

"Provided that if an Aadhaar number is not assigned to or if a n individual chooses not to opt for enrolment, the individual shall be offered alternate and viable means of identification for delivery of the subsidy, benefit or service".

-

CLAUSE 33

-

3. That at page 12, line 1, ***for*** the words "national security", the words "public emergency or in the interest of public safety" be ***substituted***.

-

CLAUSE 33

-

4. That at page 12, line 5 ***after*** the words "Oversight Committee consisting of", the words "the Central Vigilance Commissioner or the Comptroller and Auditor-General and" be ***inserted***.

-

CLAUSE 57

-

5. That at page 17, clause 57 be ***deleted***.'

Madam Speaker, I lay on the Table the Aadhaar (Targeted Delivery of Financial and other Subsidies, Benefits and Services) Bill, 2016 , returned with amendments recommended by Rajya Sabha.

HON. SPEAKER: Now, the hon. Minister.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: We will pass this Bill first.

...(*Interruptions*)

SHRI TATHAGATA SATPATHY (DHENKANAL): What is the big hurry in passing it today?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Hurry is because curry time is over.

खान मंत्री तथा इस्पात मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मुझे बहुत प्रसन्नता है कि एम.एम.डी.आर. अमैंडमैंट बिल पर काफी संख्या में, लगभग 10 माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। मैं आभार व्यक्त करना चाहूँगा कि सभी माननीय सदस्यों ने अपनी बात तो रखी, लेकिन बात रखते समय अमैंडमैंट का समर्थन किया। इसके लिए मैं पुनः सभी का हृदय से आभार प्रकट करना चाहता हूँ।

अध्यक्ष महोदया, वर्ष 2015 में भी हम लोग अमेंडमेंट लेकर आए थे और उस समय सभी सदस्यों ने उस बिल का भी समर्थन किया था। उस समय सरकार के सामने मुख्य बात पारदर्शिता की थी। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि अभी साल भर के भीतर पूरे देश में नए कानून के अंतर्गत 43 माइंस का ऑक्शन नोटिस जारी किया। उनमें मात्र 6 माइंस अभी ऑक्शन हुई हैं तीन राज्यों में, जिनमें राज्यों को 18,146 करोड़ रूपए राजस्व प्राप्त हुआ है। ...(व्यवधान) खनन का कारोबार निश्चित रूप से बढ़ा है और हर मिनरल का प्रोडक्शन दिनों-दिन बढ़ रहा है। अभी हम चाहते नहीं थे कि एकदम अमेंडमेंट के लिए आएं, लेकिन निश्चित रूप से कुछ परेशानी सामने आई और जो औद्योगिक संगठन थे, उन्होंने अपनी बात सामने रखी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन ने अपनी बात सामने रखी और मंत्रालय ने उन सब तथ्यों का परीक्षण कराया और उसके बाद मंत्रालय को यह लगा कि कैप्टिव माइंस जो हैं उनमें हस्तांतरण की अनुमति प्रदान करनी चाहिए। कैप्टिव माइंस में हस्तांतरण इसलिए आवश्यक है कि एक कारखाना है, वह बीमार अवस्था में है, उस पर बैंक का भी पैसा है, अगर वह बंद होगा तो लोग जो काम में लगे हैं, वे बेरोजगार हो जाएंगे। अर्थव्यवस्था में जो उसका योगदान है, उस योगदान से हम वंचित हो जाएंगे और खनन की प्रक्रिया उस क्षेत्र में अवरूद्ध हो जाएगी। इसलिए व्यापार में सरलता हो, रोजगार निरंतर बढ़ता रहे, इसलिए यह उचित लगा कि कैप्टिव माइंस को हस्तांतरण की सुविधा दी जानी चाहिए, इसलिए हम लोग यह अमेंडमेंट लेकर आए हैं।

हमारे अनेक मित्रों ने कुछ विषय उद्धृत किए हैं, जैसे भर्तृहरि महताब जी कह रहे थे कि राज्यों से इस मामले में बात होनी चाहिए, डां संपत जी ने भी अपनी बात में कहा। मैं उनको यह बताना चाहता हूं कि यह हस्तांतरण होगा, तो राज्य ही इस हस्तांतरण को करेंगे। यह केन्द्र करने वाला नहीं है। पिछली बार जब हम लोगों ने एक्ट अमेंड किया था, उस समय 12, ए में यह बंदिश लगा दी थी कि वही माइंस हस्तांतरित हो सकेंगी जो माइंस ऑक्शन द्वारा जाएंगी। इसके कारण ऑक्शन द्वारा जो माइंस जाएंगी, वही हस्तांतरित होंगी, तो कोई भी माइंस नहीं हो सकती थी। इसलिए इसके माध्यम से हम इसे खोल रहे हैं। इसे राज्य ही करेंगे और इससे जो राजस्व आएगा, वह राजस्व भी राज्यों के खाते में ही जाएगा। केन्द्र सिर्फ यह सुविधा प्रदान कर रहा है, कैप्टिव माइंस को इसलिए सुविधा दे रहे हैं कि कारखाना बंद न हो, बेरोजगारी न बढ़े।

दूसरा, हमारे कुछ मित्रों ने पुनर्वास की और उस क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय बंधुओं की भी चिंता की है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि एमएमडीआर एक्ट जब हम लोगों ने वर्ष 2015 में संशोधित किया तो पहली बार इस बात की चिंता मोदी जी के नेतृत्व में की गई कि जिस क्षेत्र में जंगल है, वहीं खनिज है। जहां जंगल है, खनिज है, वहीं हमारी जनजाति का भाई, अनुसूचित जाति का भाई निवास करता है। जब खनन होता है तो व्यक्ति भी प्रभावित होता है, क्षेत्र भी प्रभावित होता है। इसके लिए कोई भी ऐसी राशि नहीं थी, जो उसके कल्याण और विकास पर खर्च की जाए। इसलिए एक्ट में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन का प्रावधान किया गया। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र योजना घोषित की गई। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि डीएमएफ का गठन कर्नाटक, ओडिशा, छत्तीसगढ़ सहित अनेक राज्यों में हो चुका है और वर्ष भर में लगभग 6 हजार करोड़ रूपया माइनिंग क्षेत्र के जिलों में आएगा। ये 6 हजार करोड़ रूपए किसी और पर खर्च नहीं होंगे, यह सिर्फ उस क्षेत्र के विकास पर खर्च होगा या उस व्यक्ति के विकास और कल्याण पर खर्च होगा, जो माइनिंग से प्रभावित हो रहा है।

एनएमईटी की भी चर्चा यहां पर आई है, मैं आप सब लोगों को बताना चाहता हूं कि एनएमईटी का गठन हो गया है। उसकी राशि आना प्रारम्भ हो गई है। उसकी दो-तीन बैठकें हो चुकी हैं। एक्सप्लोरेशन की दृष्टि से माइनिंग डिपार्टमेंट निश्चित रूप से आगे बढ़ने की लगातार कोशिश में लगा हुआ है। क्षेत्र सीमा बढ़ाने की बात भी यहां पर आई थी, तो मैं यह जानकारी आपको देना चाहता हूं कि कुछ मिनरल्स और कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें क्षेत्रफल बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जाती है।

पहले सामान्यतः यह होता था कि जब फाइल किसी भी राज्य में आती थी तो हर राज्य को, हर फाइल को प्रकरण और क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए केन्द्र को भेजनी पड़ती थी। अब हमने यह तय कर दिया है कि राज्य यह तय कर ले कि उसको लाइमस्टोन के लिए इतने क्षेत्रफल की आवश्यकता है और वह एक पत्र केन्द्र को भेज दे, हम यहां से उसको अनुमति दे देंगे, 10 किलोमीटर की बजाय 50 किलोमीटर की आवश्यकता ओडिसा को है, एक बार वह ऑर्डर हो जायेगा तो फिर दोबारा यहां पर आने की आवश्यकता नहीं है, राज्य को ही क्षेत्रफल बढ़ाने का अधिकार है। इस प्रकार से इस एक्ट में और माननीय प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुसार लगातार राज्यों का रेवेन्यू बढ़ाने की दृष्टि से, राज्यों में पारदर्शिता बढ़ाने की दृष्टि से, राज्यों की खनिज वैल्यू बढ़ाने की दृष्टि से और उस क्षेत्र में जनजाति बंधुओं की सेवा और विकास की दृष्टि से जो प्रावधान किये गये, उनका ठीक प्रकार से अमल करने का प्रयास शत-प्रतिशत ढंग से सरकार द्वारा किया जा रहा है, मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि हमारे राज्य सरकारें भी लगातार इस दिशा में रुचि ले रही हैं।

मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि 43 माइन्स का ऑक्शन नोटिस जारी हो गया है। दूसरे चरण में 42 माइन्स का भी ऑक्शन नोटिस जारी करने वाले हैं, ऐसे लगभग 100 माइन्स ऑक्शन पर आ जायेंगी। मैं समझता हूं कि यह सब जो संभव हो सका है, वह आप सभी के सहयोग के कारण ही संभव हो सका है। आज भी इस अमेंडमेंट पर आप सब के बहुत ही बहुमूल्य आये हैं, उनके अतिरिक्त भी कुछ सुझाव आये हैं, हम लोग उन पर भी निश्चित रूप से विचार करेंगे। मैं इन्हीं शब्दों के साथ माननीय अध्यक्ष महोदया से अनुरोध करना चाहूंगा कि संशोधन विधेयक पर विचार किया जाये।

HON. SPEAKER: The question is:

"That the Bill further to amend the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957, be taken into consideration."

The motion was adopted.

HON. SPEAKER: The House will now take up clause by clause consideration of the Bill. Shri N.K. Premachandran has given notice of amendment to Clause 2 and Clause 3. As Shri Premachandran is not present, I shall put all clauses together to the vote.

The question is:

"That clauses 2 to 4 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 2 to 4 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill.

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर: मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये।"

HON. SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.